संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ
Sanjay Gandhi Post Graduate Institute of Med. Sciences,
Raibareli Road, Lucknow- 226 014 (U.P.), INDIA
Phones: 0522-2668004-8,2668700-800-900, Fax: 91-0522- 2668017,2668078

पत्रांक– पी0जी0आई0/मु0चि0अ0/अधि0/पुर्ननियोजन/1617/2023 दिनांक : 10 मई, 2023
(फाईल आर0एस0डी0 सं0–133/22 मिस पत्रावली सं0–161)

कार्यालय आदेश

संस्थान के अधिवर्षता पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के पुर्ननियोजन हेतु चिकित्सा परीक्षण विषयक कार्यालय आदेश सं0–पी0जी0आई0/मु0चि0अ0/अधि0/पुर्ननियोजन/1569/2023 दिनांक 02.05.2023 को अतिक्रमित करते हुए एतद्द्वारा यह आदेश पारित किए जाते है कि सम्बन्धित सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों से पुर्ननियोजन हेतु प्राप्त प्रार्थना–पत्रों को सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी यदि कार्यालय आदेश सं0– पी0जी0आई0/मु0चि0अ0/अधि/2737/2022 दिनांक 31.08.2022 द्वारा प्रसारित SOP में अंकित शर्तो के प्रकाश में उसकी पुर्ननियोजन को आवश्यक समझते हों, तो उस कर्मचारी/अधिकारी विशेष के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष (चिकित्सा अधीक्षक) को सन्दर्भित करेगें।

उक्त के अनुक्रम में सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी से प्राप्त होने वाले पत्रों पर चिकित्सा अधीक्षक की सहमति के उपरान्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी/प्रशासनिक अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निर्धारित प्रारूप पर अपने हस्ताक्षर करते हुए उन्हें उपलब्ध कराएगें।

सम्बन्धित सेवानिवृत्त अधिकारी/कर्मचारी चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष (चिकित्सा अधीक्षक) से चिकित्सा परीक्षण संबंधी प्रारूप पर हस्ताक्षर प्राप्त करने के उपरान्त उसे सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी को प्रस्तुत करेगें। सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी उक्त सन्दर्भित कार्यालय आदेश द्वारा प्रसारित SOP में अंकित शर्तो के अनुसार उसमें अंकित प्रारूप पर अपनी संस्तुतियॉ चिकित्सा परिषद की रिपोर्ट एवं अन्य संगत अभिलेख संलग्न करते हुए चिकित्सा अधीक्षक को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित करेगें।

(प्रो0 संजय धिराज)
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, पी0जी0आई0।
2. अपर निदेशक, पी0जी0आई0।
3. कार्यपालक कुलसचिव, पी0जी0आई0।
4. चिकित्सा अधीक्षक, पी0जी0आई0।
5. संयुक्त निदेशक (प्रशासन), पी0जी0आई0।
6. संयुक्त निदेशक (सामग्री प्रबन्ध), पी0जी0आई0।
7. उप चिकित्सा अधीक्षक, एपेक्स ट्रामा सेन्टर, पी0जी0आई0।
8. समस्त विभागाध्यक्ष/नोडल अधिकारी, पी0जी0आई0।
9. वित्त अधिकारी, पी0जी0आई0।
10. संस्थान की वेबसाईट के माध्यम से संस्थान के समस्त सेवानिवृत्त अधिकारीगण/कर्मचारीगण को सूचनार्थ।
11. विभागाध्यक्ष, बायोस्टेटिक्स एण्ड इन्फॉमेटिक्स विभाग,पी0जी0आई0 को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया इस कार्यालय आदेश को संस्थान की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
12. समस्त सूचना पट्ट।
13. सम्बन्धित पत्रावली हेतु।

(प्रो0 संजय धिराज)
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक